52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.0°c अधिकतम 32.0°c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:44 सूर्यास्त : 7:04 | वर्ष : 52/ अंक : 221 | शनिवार, 10 अगस्त 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अहंकार भी आवश्यक है, जब बात अधिकार, चरित्र और सम्मान की हो।

जया बच्चन पर नाराज हुए सभापति धनखड़ ने कहा आप होंगी सेलिब्रिटी, लेकिन गरिमा का ध्यान रखें : नयी दिल्ली

जो लहजा बाहर चल जाता है... वो संसद में नहीं चलता.....

# बांग्लादेश की क्रूरता के खिलाफ हिन्दू समाज का ऐतिहासिक प्रदर्शन

## हिन्द मजदूर किसान समिति, राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन एवं शिवसेना, विभिन्न हिन्दू संगठनों ने किया प्रदर्शन






**मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (वार्ता)** बांग्लादेश में कई दिनों से चल रहे हिन्दुओं के खिलाफ क्रूरतापूर्ण व्यवहार के चलते हिन्दू समाज ने मुजफ्फरनगर में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और बांग्लादेश को पूरी तरह शर्मसार किया वहीं दूसरी ओर सरकार को भी जगाने का काम किया कि अत्याचार सह रहे हिन्दुओं के लिए जल्द से जल्द कोई बड़ा कदम उठाया जाये। इस क्रम में सबसे बड़ा व शांतिपूर्ण प्रदर्शन हिन्द मजदूर किसान समिति ने किया। सिर पर भगवा पगड़ी बांधकर हजारों की संख्या में जब समिति के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सड़कों पर आए तो उक्त नजारा देखने लायक था। इसी क्रम में शिवसेना एवं राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन व तुलसी पार्क में व्यापारी संजय मिश्रा की अगुवाई में हिन्दू समाज के लोगों ने एकत्रित होकर जमकर बांग्लादेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। अलग-अलग बैनर तले प्रदर्शन के बावजूद भी सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश के ऐसे लोगों की निंदा की, जिन्होंने अल्पसंख्यक हिन्दुओं के खिलाफ बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाते हुए कहीं उन्हें रौंद डाला, कहीं उनके कपड़े फाड़ दिये तो कहीं नग्न करके उन्हें अपमानित किया गया। संगठनों ने कहा कि ऐसे कायर लोग किसी कौम के नहीं हो सकते। वे अपनी ही कौम को बदनाम करने में लगे हुए हैं। पूरे विश्व में आज स्वर में बांग्लादेश के उक्त लोगों की भर्त्सना हो रही है। ऐसे देश को कोई आर्थिक मदद करने को भी आने वाले समय में तैयार नहीं होगा। उक्त विचार हिन्दू संगठनों के विभिन्न पदाधिकारियों ने व्यक्त किये। हिन्दू मजदूर किसान समिति के चन्द्रमोहन महाराज ने अपने संदेश में कहा कि क्या हिन्दुओं को जीने का अधिकार नहीं है। बांग्लादेश में हिन्दुओं और बौद्ध धर्म के लोगों का कत्लेआम हो रहा है। उनकी नजर में बौद्ध हिन्दू और जैन एक ही हैं, इसलिए वे सरकार से मांग करते हैं कि हिन्दुओं पर हो रहे उक्त अत्याचार को तुरन्त बंद कराया जाये। ये बांग्लादेशी हमारा एहसान मानने के बजाए हम पर हमला बोल रहे हैं, इससे ज्यादा खौफनाक बात भारत के लिए कोई नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की। इस दौरान मीडिया प्रवक्ता अमित मोलाहेड़ी के साथ राजपाल, विकास, अमित, पदम सिंह, पंकज, मनोज, अशोक, बबली, राहुल, सतीश आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसी क्रम में शिवसेना के कार्यकर्ता मण्डल अध्यक्ष शरद कपूर के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रकाश मार्किट स्थित कार्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं के साथ हैवानियत का नंगा नाच जो बांग्लादेश में हुआ है, उससे उनकी घटिया मानसिकता का परिचय पूरे विश्व में सर्वविदित हो गया है और हैरानी की बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए भारत के सैन्य कार्यवाही करनी चाहिए। संगठन में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ साथ पूनम अग्रवाल, संजीव वर्मा, अनुज चौधरी, मंगतराम, पुष्पेन्द्र आदि मौजूद रहे।

वहीं राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन ने भी छह सूत्रीय मांगों को लेकर एक ईमेल देश के प्रधानमंत्री को किया। संगठन के वरिष्ठ संजय अरोरा ने कहा कि सिर्फ हिन्दू मंदिरों पर ही नहीं निहत्थी व कमजोर महिलाओं व बच्चों पर अत्याचार करके कुछ लोग अपने आपको मर्द साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, मगर वे किसी कायर से कम नहीं हैं और अपनी कौम की बदनामी स्वयं पूरे विश्व में करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 14208 पदाधिकारियों की ओर से उनका छह सूत्रीय मांगपत्र भेजा गया है। कुल मिलाकर शुक्रवार को हिन्दू संगठनों ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए पूरे देश के साथ साथ मुजफ्फरनगर में ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार को होश में लाने का काम किया।

### हिन्दू संगठन बोले-जिन्होंने अपनी ही कौम की प्रधानमंत्री की इज्जत को तार-तार कर दिया वे किसी के नहीं हो सकते

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि हिन्दू महिलाओं, बच्चों और मंदिरों की बात तो छोड़ो, स्वयं अपने ही देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की इज्जत को तार तार करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। उनकी मां जितनी उम्र की सम्मानित पद पर बैठी महिला के अन्तः वस्त्र तक सड़कों पर कैमरे के सामने दिखाए गए। ऐसी कौम जब अपनी मां जैसी उम्र की प्रधानमंत्री के ही नहीं हैं, तो वे हिन्दू महिलाओं के क्या होंगे और बांग्लादेश की ऐसी जनता से घृणित कार्यों के अलावा कोई उम्मीद की भी नहीं जा सकती। हिन्दू संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि उक्त नरसंहार जल्द ही नहीं रोका गया तो पूरे देश में देशव्यापी आन्दोलन होगा और बांग्लादेश की कमान संभालने वाले नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री प्रो. यूनुस को भी होश में लाने का काम करेंगे। हालांकि आज देश के प्रधानमंत्री ने सत्ता संभालने पर बधाई देने के साथ साथ अल्पसंख्यकों हिन्दू, बौद्ध, जैन धर्म के लोगों पर हो रहे अत्याचारों को तुरन्त रोकने की बात कही। हिन्दू संगठनों ने यह भी कहा कि बांग्लादेश की बहुसंख्यक जनता का चेहरा पूरे देश और दुनिया के सामने बेनकाब हो गया है कि उक्त घृणित लोग किस मानसिकता के हैं और कितनी नीच हरकतें कर सकते हैं। अब पूरे विश्व को यह बात शब्दों से समझाने की नहीं रही, खुद ब खुद उन्होंने अपने ही देश के प्रधानमंत्री के पेटीकोट, सूट, साड़ी यहां तक की अन्तःवस्त्र कैमरे के सामने गर्व से लहराये।

### ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में नीरज चोपड़ा ने जीता रजत पदक

**पेरिस 08 अगस्त (वार्ता)** भारत के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक पुरुष भाला फेंक फाइनल में 89.45 मीटर थ्रो के साथ दूसरे



स्थान पर रहे और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नीरज चोपड़ा लगातार अपना दूसरा स्वर्ण पदक नहीं जीत पाये। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 89.45 मीटर के साथ अपने करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के बावजूद, वह पाकिस्तान के अरशद नदीम को पछाड़ने में विफल रहे। स्पर्धा में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 88.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

### मोदी ने फोन कर नीरज को भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर दी बधाई



**नयी दिल्ली 09 अगस्त (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से फोन पर बात कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान श्री मोदी ने हाल-चाल पूछा और एडिक्टर की समस्या के बारे में भी जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने नीरज की मां की खेल भावना की सराहना की। मोदी ने फोन पर चोपड़ा की उपलब्धि और समर्पण की प्रशंसा की। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''नीरज चोपड़ा एक बेहतरीन इंसान हैं, उन्होंने बार-बार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। भारत बहुतखुश है कि वह एक और ओलंपिक सफलता के साथ वापस वापस लौट रहे हैं। उन्हें रजत पदक जीतने पर बधाई। वह अनगिनत एथलीटों को अपने सपनों को पूरा करने और हमारे देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करना जारी रखेंगे।''

### लोकसभा में चार विधेयक पेश

**नयी दिल्ली, 09 अगस्त (वार्ता)** सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में बैंकिंग विधियां (संशोधन) विधेयक 2024 सहित चार विधेयक पेश किये। इन विधेयकों में समुद्र द्वारा मालवाहन विधेयक 2024, वहन-पत्र विधेयक 2024 और रेल संशोधन विधेयक 2024 शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से सदन में पेश बैंकिंग विधियां संशोधन के माध्यम से भारतीय बैंक अधिनियम 1934, बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1980 में और संशोधन किये जाने के प्रस्ताव हैं। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक 2024 प्रस्तुत किया, जिसमें जहाजों से माल के ढुलाई से जुड़े उत्तरदायित्वों, दायित्वों, अधिकार और उन्मुक्तियों से संबंधित उपबंध प्रस्तावित हैं। श्री सोनोवाल ने समुद्री जहाजों पर लदे माल की सूची से संबंधित दायित्वों के उपबंध वाले वहन-पत्र विधेयक 2024 को भी प्रस्तुत किया। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेल अधिनियम में और संशोधन करने के उपबंधों के प्रस्ताव वाले रेल संशोधन विधेयक को पुरःस्थापित किये जाने का प्रस्ताव किया। सदन में चारों विधेयकों को ध्वनिमत से पुरःस्थापित किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने दी सिसोदिया को जमानत, कहा-जमानत नियम और जेल अपवाद

**नयी दिल्ली, 09 अगस्त (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय दिल्ली की कथित अबकारी नीति घोटाले में भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में अलग-अलग दर्ज मुकदमों के आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शुक्रवार को सशर्त जमानत दे दी।



न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ 17 महीने से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को जमानत देते हुए कहा, ''...जमानत नियम है और जेल अपवाद...।'' शीर्ष अदालत ने श्री सिसोदिया को अपना पासपोर्ट जमा करने, हर सोमवार को संबंधित जांच अधिकारी को रिपोर्ट करने, गवाहों को प्रभावित नहीं करने तथा 10 लाख रुपए के निजी मुचलके समेत अन्य शर्तों के साथ जमानत दी। पीठ ने सिसोदिया की याचिका मंजूर करते हुए कहा कि जमानत को सजा के तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता। निचली अदालत और उच्च न्यायालयों को यह समझने का समय आ गया है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद है।

# भू-माफियाओं का समर्थन कर रहे हरेन्द्र मलिक: संजीव बालियान

**▶ शत्रु सम्पत्तियों को लेकर सांसद हरेन्द्र मलिक द्वारा संसद में उठाये गये मुद्दों पर पूर्व मंत्री संजीव बालियान ने दिया जवाब ▶ कहा-रेलवे स्टेशन की मस्जिद निष्क्रान्त सम्पत्ति, उसमें दुकानें और होटल बनाना अवैध ▶ आलोक स्वरूप की भूमि प्रकरण को भी उठाया, कहा-भू माफियाओं का समर्थन कर रहे सांसद ▶ औद्योगिक भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग को लेकर भी उठाये सवाल, सांसद की फैक्ट्री की जमीन के प्लाट कटने पर किया कटाक्ष**

**मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बु.)।** जनपद मुजफ्फरनगर की कुछ शत्रु सम्पत्तियों को लेकर सांसद हरेन्द्र मलिक द्वारा संसद में उठाये गये सवालों को लेकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने उन पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विवादित सम्पत्तियों के मामले में सांसद हरेन्द्र मलिक अप्रत्यक्ष रूप से भू माफियाओं का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने औद्योगिक भूमि में अवैध प्लाटिंग को लेकर भी मलिक को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि जब जनप्रतिनिधि ही अवैध कब्जों में रूचि लेंगे तो आम जनता का क्या होगा। उन्होंने रेलवे स्टेशन की मस्जिद के विवाद में भी कहा कि वो निष्क्रान्त सम्पत्ति है और प्रशासन उसका कस्टोडियन है, ऐसे में ऐसी किसी भी सम्पत्ति का व्यवसायिक प्रयोग किया जाना अवैध है।

सांसद हरेन्द्र मलिक ने बृहस्पतिवार को संसद में बोलते हुए मुजफ्फरनगर की दो विवादित शत्रु सम्पत्तियों को लेकर अनेक सवाल उठाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को घेरने का काम किया था।



उनके द्वारा रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक मस्जिद को लेकर उठाये जा रहे विवाद और भोपा रोड पर गांधी कालोनी, द्वारिकापुरी के साथ ही अन्य कालोनियों की जद में आने वाली करीब 500 बीघा भूमि के शत्रु सम्पत्ति घोषित होने के मामले को उठाते हुए इस फैसले के कारण यहां निवास करने वाले लोगों की परेशानियों को भी सदन में रखा और इस पर कार्यवाही करते हुए जनता को राहत देने के लिए निर्णय करने की मांग की थी।

सांसद हरेन्द्र मलिक के इस कदम के बाद शुक्रवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सांसद मलिक एक तरह से भू माफियाओं को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। भोपा रोड से जुड़ी शत्रु सम्पत्ति को लेकर राधेश कुमार की शिकायत के बाद कार्यवाही हुई और वो एक परिवार के द्वारा ही शत्रु सम्पत्ति पर काबिज होने के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां पर कई कालोनियों के दायरे में फैली इस शत्रु सम्पत्ति पर रोक लगने का यह मामला उनके संज्ञान में भी आया था, क्योंकि भू माफिया ने कुछ लोगों को शत्रु सम्पत्ति में दर्ज भूमि से ही प्लाटिंग कर जमीन बेची, जहां पर काफी परिवार निवास कर रहे हैं। ऐसे में हमने जिला प्रशासन और सरकार को पत्र लिखकर यही मांग की थी कि केवल एक परिवार के कब्जे वाली शत्रु सम्पत्ति को ही रोक और जांच के दायरे में रखा जाये, जो भूमि बिक चुकी है, उस पर यह फैसला लागू न कराया जाये। इस पर सरकार कार्यवाही कर रही है। डॉ. बालियान ने रेलवे स्टेशन के सामने स्थित मस्जिद की भूमि पर बनाई जा रही दुकान और होटल के मामले को लेकर भी सांसद हरेन्द्र मलिक को जवाब देते हुए कहा कि यह मस्जिद और इससे जुड़ा भू भाग निष्क्रांत सम्पत्ति है। ऐसी किसी भी सम्पत्ति का व्यवसायिक प्रयोग किया ही नहीं जा सकता है, मस्जिद है, तो उसे वो ही रहने दिया जाये।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. बालियान ने कहा कि आज जनपद में एक नया ट्रैंड चल गया है, औद्योगिक उपयोग वाली भूमि पर अवैध रूप से बिना सम्बंधित अनुमति के प्लाटिंग की जा रही है। उनका इशारा सांसद हरेन्द्र मलिक की पुरानी फैक्ट्री की भूमि पर की गई प्लाटिंग से था। उन्होंने कहा कि आज भी यूपी और केन्द्र में भाजपा की सरकारें हैं। दस साल में हमने किसी भी स्तर से जनपद में भू माफियाओं को पनपने नहीं दिया, लेकिन बीते दो माह में जनपद में अनेक ऐसे मामले आये हैं, जो विवादित भूमि से जुड़े हैं और इनमें भू माफियाओं का खुला समर्थन किया जा रहा है। हम सरकार से औद्योगिक भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग के मामले में जांच कराये जाने की मांग भी करेंगे और ऐसे भू माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही भी करायी जायेगी।

### तेजलहेड़ा में युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

**छपार, 09 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के तेजलहेड़ा गांव के जंगल में खेत में गए युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने मृतक युवक को मानसिक रूप से विक्षिप्त बताकर उसका पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। गांव तेजलहेड़ा निवासी 25 वर्षीय शाहिद पुत्र युनुस कल सायं खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गया था। देर रात तक उसके न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। मगर उसका सुराग नहीं लगा। सुबह किसी ग्रामीण ने एक युवक का शव पेड़ पर लटका होने की जानकारी दी। परिजन वहां पहुंचे तो शव की पहचान शाहिद के रूप में हुई। सूचना पर बसेड़ा पुलिस चौकी के कर्मी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों को जानकारी दी। इस बीच परिजन एकत्र हो गए। उन्होंने शव को पेड़ से उतारकर उसका पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इस दौरान घंटों गहमा गहमी रही। छपार थाना प्रभारी रोजंत त्यागी ने बताया कि परिजनों का कहना था कि मृतक विक्षिप्त है। वे उसका पोस्टमार्टम नही कराना चाहते।

# भाकियू ट्रैक्टर तिरंगा मार्च के बूते किया शक्ति प्रदर्शन

**नगर में निकले मार्च से शहर हुआ जाम, लोग हुए बेहाल ▶ राकेश टिकैत ने सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप**

**मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर अगस्त क्रांति के दिन शुक्रवार को केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जनपद के सभी ब्लॉक से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता ट्रैक्टर तिरंगा मार्च में शामिल हुए। भाकियू के प्रदर्शन में गांव गांव से किसानों का इस बीच जनसैलाब के साथ ट्रैक्टर और तिरंगा लेकर मुख्यालय की सड़कों पर उमड़ता नजर आया। इस ट्रैक्टर तिरंगा मार्च के कारण नगर के मुख्य चौराहों के साथ ही गली-मौहल्लों में यातायात ठप हो गया। इस बीच कई घंटों तक शहर की सड़कों पर किसानों के ट्रैक्टरों का पूरी तरह कब्जा रहा। इससे यातायात व्यवस्था सुचारू करने में डटे पुलिस कर्मियों को पसीने छूटे रहे। भाकियू के शक्ति प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने किया।




शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा नौ अगस्त को केन्द्र सरकार के खिलाफ विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी ट्रैक्टर तिरंगा मार्च का ऐलान किया था। इसे लेकर आज सवेरे से जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन के साथ कार्यकर्ताओं में हलचल नजर आई। निर्धारित समय सुबह 10 बजे से ही गांवों से ट्रैक्टरों पर सवार और हाथों में तिरंगा व भाकियू के झंडे को लेकर किसानों का काफिला शहर में प्रवेश करने लगा। जैसे-जैसे समय बढ़ता गया, वैसे वैसे सभी किसान व भाकियू कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ता चला गया। तमाम कार्यकर्ता विभिन्न मार्गो से होते हुए अपने वाहनों से सरकूलर रोड स्थित जीआईसी मैदान पर एकत्र हुए। यहां दोपहर बाद भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी किसानों के भारी हुजूम और ट्रैक्टरों के लम्बे काफिले के साथ तिरंगा मार्च का नेतृत्व करने के लिए पहुंचे। किसानों के काफिले के साथ भाकियू कार्यकर्ताओं ने इस बीच जीआईसी मैदान पहुंचने पर कार्यकर्ताओं के साथ ही आम किसानों ने उनका स्वागत किया। दोपहर को जीआईसी मैदान से शुरू हुआ भाकियू टिकैत का यह ट्रैक्टर तिरंगा मार्च सरकूलर रोड, सूजडू चुंगी, डीएम आवास, मेरठ रोड, विकास भवन, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, झांसी की रानी, कोर्ट रोड होते हुए प्रकाश चौक पर पहुंची और यहां पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के बाद ट्रैक्टर तिरंगा मार्च वापस प्रकाश चौक से सीधे महावीर चौक होते हुए जीआईसी मैदान पर समाप्त हुआ। नगर क्षेत्र में भाकियू की तिरंगा ट्रैक्टर मार्च में मुख्य रूप से भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ ही राष्ट्रीय महासचिव ओमपाल मलिक, प्रदेश महासचिव जहीर फारूकी, प्रदेश महासचिव धीरज लाटियान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव श्यामपाल चेयरमैन, मंडल अध्यक्ष नवीन राठी, युवा मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, नीरज पहलवान, नगराध्यक्ष गुलबहार राव, पूर्व जिला प्रभारी मेरठ अशोक कुमार घटायन, युवा जिलाध्यक्ष कपिल सोम सहित सैंकड़ो किसान शामिल रहे।

### भोपा रोड पर चल रही कंपनी में छापा, डेढ़ करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

**मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बु.)।** स्टेट जीएसटी विभाग की टीम ने नगर के भोपा रोड पर स्थित पार्टिकल बोर्ड बनाने वाली एक कंपनी में जांच करते हुए जीएसटी की बड़ी चोरी पकड़ी गई है। छापेमारी में लेखा पुस्तकों में बड़ा अंतर मिलने के साथ ही, फर्जी आइटीसी क्लेम, इवे बिलों में खेल कर डेढ़ करोड़ से अधिक की चोरी सामने आई है। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जुर्माने की 81 लाख रुपये की धनराशि जमा करा ली है।

**▶ ज्वाइंट कमिश्नर के निर्देश पर भोपा रोड फैक्ट्री पर हुई छापेमारी**

स्टेट जीएसटी विभाग की एसआइबी विंग के ज्वाइंट कमिश्नर जेएस शुक्ला के निर्देश पर नगर के भोपा रोड स्थित श्री सर्व सक्षम डिकोर प्राइवेट लि. पर छापेमारी हुई। मुख्यालय से प्राप्त इनपुट के आधार पर डिप्टी कमिश्नर विवेक मिश्रा के नेतृत्व में हुई जांच में सामने आया कि फर्म में कैपिटल गुड्स की आईटीसी अवेल की हुई मिली, लेखा पुस्तकों में दर्ज स्टॉक और जांच में मौके पर पाए गए स्टॉक में बड़ा अंतर मिला।

ज्वाइंट कमिश्नर जेएस शुक्ला ने बताया कि नगर के भोपा रोड स्थित श्री सर्व सक्षम डिकोर प्राइवेट लिमिटेड में हुई छापेमारी लेमिनेट के पाए गए स्टाक शार्ट मिले, जिससे प्रमाणित हुआ कि लेमिनेट का उपयोग करते हुए माल बनाकर खाते के बाहर करीब 1.50 करोड़ रुपए से भी अधिक माल की बिक्री करते हुए कर चोरी की गई है। इसके अलावा कंपनी में भारी मात्रा में ईवे बिल कैंसिल करने का जांच के दौरान फर्म संचालक या कर्मी संतोषजनक कारण नहीं प्रस्तुत कर सके। उन्होंने बताया कि ईवे बिल कैंसिल करने की आड़ में खातों के बाहर बिक्री की जा रही है। जांच के दौरान मिली सभी अनियमितताओं को व्यापारी को अवगत कराया, फिलहाल मौके पर 81 लाख की धनराशि जुर्माने के रूप में जमा कराई गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले की टीम आगे भी जांच करेगी और उसके बाद जुर्माना तय होने के साथ शेष धनराशि वसूली की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी परीक्षा स्थगित करने की याचिका की खारिज

**नयी दिल्ली, 09 अगस्त (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 11 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2024 'कुछ व्यवहारिक परेशानियों' का हवाला देते हुए स्थगित या पुनर्निर्धारित करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विशाल सोरेन और अन्य के याचिका पर संबंधित पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह परीक्षा आयोजित होने से कुछ दिन पहले उसे स्थगित करने का आदेश नहीं दे सकती। श्री सोरेन और अन्य द्वारा दायर याचिका दलील दी गई थी कि अभ्यर्थियों को एन वक्त पर ऐसे शहरों में परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद मुश्किल हो रहा है। उन्हें अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याचिका दायर करते समय में कहा गया था कि परीक्षा शहरों का आवंटन 31 जुलाई को किया गया और परीक्षा केंद्रों की घोषणा आठ अगस्त को की जानी है। इस प्रकार अभ्यर्थियों को 11 अगस्त को परीक्षा के लिए संबंधित केंद्रों तक पहुंचने के लिए बहुत कम समय दिया गया। इसके अलावा परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जानी है। इतना ही नहीं सामान्यीकरण और अन्य फॉर्मूले के बारे में अभ्यर्थियों को कुछ भी मालूम नहीं है। इस वजह से याचिकाकर्ताओं को कई प्रकार की आशंका हो रही है।




# हिजाब पर प्रतिबंध लगाने संबंधी मुंबई के कॉलेज के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नयी दिल्ली, 09 अगस्त (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के एक कॉलेज में विद्यार्थियों के हिजाब, नकाब, टोपी या धार्मिक बैज के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले परिपत्र के जरिए जारी आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कॉलेज की ओर से इस तरह का परिपत्र जारी करने पर हैरानी जताई और इसे जारी करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कई सवाल पूछे। पीठ ने कॉलेज प्रशासन से यह भी पूछा कि आजादी के इतने सालों बाद अचानक यह परिपत्र जारी करने का फैसला क्यों किया गया? इस पर कॉलेज की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि कॉलेज की स्थापना 2008 में की गई थी। शीर्ष अदालत ने परिपत्र पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 18 नवंबर 2024 को करेगी। पीठ ने हालांकि, स्पष्ट किया कि कक्षाओं में बुर्का की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही पीठ ने कहा, "हमें उम्मीद है कि इस आदेश का कोई भी दुरुपयोग नहीं करेगा।" सुनवाई शुरू होते ही पीठ ने कॉलेज की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान से पूछा, "यह निर्देश क्या है? ऐसा कुछ भी न पहनें जिससे धार्मिक पहचान का पता चले। क्या नाम से धार्मिक पहचान का पता नहीं चलेगा?" इस पर अधिवक्ता ने कहा कि ये बातचीत में बाधाएं हैं। कॉलेज सह-शिक्षा वाला निजी गैर-सहायता प्राप्त संस्थान है, जिसकी स्वायत्तता नहीं छीनी जा सकती। छात्राएं



हमेशा से इसे नहीं पहनती रही हैं। उन्होंने कहा कि केवल तीन लड़कियों को इससे समस्या है। पीठ ने अधिवक्ता से पूछा, "क्या यह लड़की पर निर्भर नहीं करता कि वह क्या पहनना चाहती है। क्या आप कह सकते हैं कि तिलक लगाने वाले को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए?" इन दलीलों के बाद पीठ ने कहा कि वह परिपत्र पर रोक लगाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष पीड़ित छात्राओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस पेश हुए। कॉलेज की छात्राओं ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें मुंबई के एक निजी कॉलेज द्वारा अपने परिसर में छात्राओं द्वारा हिजाब, नकाब, बुर्का, टोपी आदि पहनने पर लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा गया था। मुंबई में एन जी आचार्य और डी के मराठे कॉलेज के अधिकारियों ने एक ड्रेस कोड निर्धारित किया था, जिसके तहत उनके विद्यार्थियों को परिसर में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी आदि पहनने से रोका गया था। नौ छात्राओं ने इस ड्रेस कोड को बॉम्बे उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जहां न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर राजेश एस पाटिल की पीठ ने 26 जून को याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि ड्रेस कोड का पालन करने का आग्रह कॉलेज परिसर के भीतर है और याचिकाकर्ताओं की पसंद और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अन्यथा कोई असर नहीं पड़ता है। उच्च न्यायालय के इस रुख के बाद छात्राओं ने शीर्ष अदालत में अपील दायर की थी। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में कहा कि ड्रेस कोड और परिसर में हिजाब, नकाब, बुर्का आदि पर प्रतिबंध उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। छात्राओं ने तर्क दिया कि ड्रेस कोड मनमाना और भेदभावपूर्ण है। कॉलेज का ड्रेस कोड लागू करने का आदेश गलत है।



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## भारत और बांग्लादेश के हालात

बांग्लादेश के हालात अभी चिंताजनक हैं, भारत सरकार बांग्लादेश के हालात पर नजर जमाए हुए है। भारत में कुछ ऐसे भी नेता और नेताओं के बच्चे हैं, जिन्हें बांग्लादेश के हालात पर खुशी हो रही है। भारत में ऐसे भी नेता हैं, जिन्हें खेल का ख भी पता नहीं वे ओलम्पिक खेलों पर अपनी मूर्खता का प्रमाण अपने ही हाथों से पोस्ट करके दे रहे हैं। बांग्लादेश और ओलम्पिक को लेकर इस कदर अहमकाना पोस्ट सोशल मीडिया पर चल रही हैं कि ये हैरानी हो रही है कि कैसे-कैसे लोग, कैसे-कैसे पदों पर हैं और रह चुके हैं। भारत ने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर वहां के अधिकारियों और सत्ता संभालने वालों से बात की है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने बांग्लादेश में जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल होने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि भारत, हमारे दोनों देशों की जनता की साझा आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बांग्लादेश के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी ने कहा कि हम बांग्लादेश में जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल होने, हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की उम्मीद करते हैं। बांग्लादेश के मंदिरों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के अलावा भी कई मसअले हैं जिनके लिए भारत फिक्रमन्द है। भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर और व्यापार के क्षेत्र में बांग्लादेश में बड़ा निवेश किया है। दोनों देशों के बीच ट्रेन लाइन हैं और लोग सीमा पार करके बड़ी आसानी से एक से दूसरे देश आते-जाते हैं। इस साल शेख हसीना भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली विदेशी मेहमान थीं। बीते एक साल में दोनों नेताओं के बीच 10 बार मुलाकात हुई है। साल 2009 से जब से शेख हसीना बांग्लादेश की सत्ता में आईं, तब ही से भारत ने वहाँ बड़े प्रोजेक्ट में निवेश किए हैं। ऐसे में इस तरह से शेख हसीना का देश की सत्ता से बाहर होना, लोगों का उनके प्रति गुस्सा और जिस तरह से देश की सत्ता में परिवर्तन हो रहा है, उससे भारत की कई सारी चीजें दांव पर लगी हैं। विशेष रूप से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय समझौते, जिनमें भविष्य में होने वाला मुक्त व्यापार समझौता भी शामिल है। बांग्लादेश, भारत का व्यापार के लिहाज से इस उपमहाद्वीप में सबसे बड़ा साझेदार है और भारत भी बांग्लादेश के लिए चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। साल 2023-24 में दोनों देशों के बीच 13 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। बीते साल नवंबर महीने में दोनों देशों के प्रधानमन्त्री ने भारत समर्थित तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। अखौरा-अगरतला रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और मैत्री थर्मल प्लांट। अखौरा-अगरतला पहली ट्रेन सेवा है, जो पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश से जोड़ती है। भारतीय रेल ने लाइन ऑफ क्रेडिट प्रोग्राम के तहत बांग्लादेश के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में लगभग एक हजार करोड़ का निवेश किया है। बांग्लादेश में अडानी समूह का भी बड़ा निवेश है। अडानी पावर ने साल 2017 में बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट के साथ 25 साल का समझौता किया था, जिसमें अडानी पावर की ओर से अपने झारखंड स्थित गोड्डा प्लांट से 1496 मेगावाट बिजली देने का वादा है। गोड्डा पावर प्रोजेक्ट देश का पहला ट्रांजेक्शनल पावर प्लांट है। इसकी 100 फीसदी एनर्जी बांग्लादेश भेजी जाती है। साल 2023 से ये प्लांट बांग्लादेश में बिजली भेज रहा है। अडानी के साथ-साथ बांग्लादेश में डाबर, मारिको, हीरो मोटोकॉर्प, टीवीएस मोटर का भी निवेश है। बांग्लादेश में 2007 भी एक बेहद मुश्किल दौर था, ये भी ऐसा ही दौर है, जहां प्रशासन व्यवस्था खत्म हो गई है, लेकिन बांग्लादेश में सरकार किसी की भी बने वो देश की अर्थवयवस्था को अनदेखा तो नहीं कर सकती। कहा जा रहा है कि भारत पर बांग्लादेश की निर्भरता इतनी ज्यादा है कि वो भारत को नहीं छोड़ सकता। कुछ लोग कह रहे हैं कि ऐसे हालात में कुछ वक्त के लिए जो प्रोजेक्ट हैं वो रुकेंगे, लेकिन भारत का निवेश दांव पर लगा है ये कहना या समझना ठीक नहीं है। भारत और बांग्लादेश के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अक्तूबर 2023 में शुरू हुई ताकि दोनों देशों से आयात-निर्यात होने वाली चीजों पर कस्टम ड्यूटी हटा दी जाए। विश्व बैंक के एक अनुमान के अनुसार, इससे भारत को बांग्लादेश के निर्यात में 297 फीसदी तक और भारत के निर्यात में 172 फीसदी तक की वृद्धि होने की संभावना है। हालाँकि बांग्लादेश के मौजूदा राजनीतिक दृश्य को देखते हुए इसके भविष्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। हीरो मोटोकॉर्प और टीवीएस के बांग्लादेश में एसेंबल करने वाले प्लांट हैं। भारत की महत्वपूर्ण टेलीकॉम कंपनी एयरटेल का बांग्लादेश की टेलीकॉम कंपनी रॉबी एक्सीआटा में 28 फीसदी का निवेश है। इस समय हर देश को इंडस्ट्री चाहिए और इससे निवेश करने वाले और उस देश दोनों को फायदा होता है, भारत के साथ-साथ चीन का भी बांग्लादेश में निवेश है। लेकिन भारत पर बांग्लादेश की निर्भरता काफी ज्यादा है। रोजमर्रा की जरूरतों का सामान भी वहां भारत से जा रहा है। ऐसे में भारत से व्यापार और निवेश हालात के पटरी पर लौटने से ठीक हो जाएंगे। यही उम्मीद रखनी चाहिए। बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के बीच सबसे बड़ा संकट वहां रहने वाले अल्पसंख्यकों पर मंडरा रहा है। वहां के हालात पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बयान जारी किया और कहा कि सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर भी कई जगहों पर हमले हुए हैं। भारत बांग्लादेश के साथ 4 हजार किलोमीटर से ज्यादा की सीमा शेयर करता है। एक बड़ी चुनौती भारत के सामने ये है कि बांग्लादेश से आने वाले शरणार्थियों की संख्या बढ़ सकती है। बांग्लादेश के साथ व्यापार को लेकर भारत को खतरा नहीं है, क्योंकि वो हालात बदलते ही बदल जाएगा, लेकिन शरणार्थियों का दबाव भारत के लिए चिंता का विषय होगा। भारत के पुर्वोत्तर के राज्य भी ऐसी चिन्ता जता चुके हैं। बांग्लादेश के हालात पर भारत में हुई और हो रही गलत बयानी भी अफसोसनाक है, ऐसे सभी बयानों पर किसी शायर का यह शेर याद आता है-

तुम भूल न जाना ये पैगामे इलाही है।
जहरीले ख़्यालों का अंजाम तबाही है।।

## चार तीर

सुनील उत्सव

"वक़्त" "जिन्दगी" "राजी" "कमी"

जो मिला है उसको ही काफी समझ कर खुश रहो,
वक़्त से राजी है जो उसको कमी खलती नहीं।
आप ही को चलना होगा जिन्दगी के तौर पर,
आपकी शर्तों पे हरगिज जिन्दगी चलती नहीं।



## बांग्लादेश में अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

जानसठ, 09 अगस्त (बु.)। श्री महादेव सेवा मंडल के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया। शुक्रवार को प्रदर्शन मार्च कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाला गया। इसके बाद ब्लॉक परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार अजय कुमार को सौंपा। बांग्लादेश में मारे गए हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके समापन किया गया। विरोध प्रदर्शन में पूर्व चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, ठाकुर प्रदीप राणा, सुनील कश्यप, पंडित उमाशंकर शर्मा, पार्थ कंसल, शुभम कश्यप, चंद्र मुकुट शर्मा, बृजेश रस्तोगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, रोहित खत्री, रामनिवास प्रजापति, आशु कंसल सभासद, राजन एडवोकेट सभासद, धर्मेश सैनी सभासद, निशांत कांबोज शामिल रहे।

# चेयरपर्सन ने हर घर तिरंगा अभियान का किया शुभारंभ

## - सभासदों व अधिकारियों संग जनता को वितरित किए तिरंगे

मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बु.)। पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान की वृहद रूप से शुरूआत करते हुए शहर की सड़कों पर उतरकर व्यापारियों और आम जनमानस को तिरंगा वितरित करते हुए उनको राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर घर-घर तिरंगा फहराने को प्रेरित किया। शुक्रवार को शहर के शिव चौक पहुंची नगरपालिका परिषद् चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ करते हुए सभासदों और पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ आम लोगों को तिरंगा वितरित किया। उन्होंने शिवचौक और भगत सिंह रोड के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर तिरंगा वितरित करते हुए हर घर तिरंगा फहराने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में राष्ट्रवाद की अलख जगाने की खातिर हर घर तिरंगा अभियान चलाया है। इसी कड़ी में पीएम नरेन्द्र मोदी ओर सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत शहरी क्षेत्र में हर घर तिरंगा फहराने के लिए पालिका परिवार ने भी अपनी तैयारी की है। लोगों को तिरंगा वितरित करने के लिए शिवचौक से इस वृहद अभियान को शुरू किया है। हर वार्ड में हम



सभासदों के माध्यम से हर शहरी के घर तक तिरंगा पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने शिवचौक पहुंचने के बाद तिरंगा अभियान को शुरू करते हुए वहां से गुजरते नागरिकों के साथ ई रिक्शाओं और अन्य वाहनों पर सभासदों के साथ मिलकर अपने हाथों से तिरंगा ध्वज बांधे। बाद में भगत सिंह रोड और शिव चौक पर शिव मार्किट के व्यापारियों और दुकानदारों, ठेले वालों तक तिरंगा लेकर पहुंची और उनको तिरंगा वितरित करते हुए अपने घरों पर 13 से 15 अगस्त तक फहराने की अपील के साथ संदेश भी दिया कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे आन, बान और शान का प्रतीक है। इसको 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के बाद पूरे सम्मान के साथ झंडा संहिता के अनुसार उतारकर अपने पास सुरक्षित रखें। इस दौरान चेयरपर्सन के साथ ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह,कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव, टीएस नरेश कुमार शिवालिया, एई जलकल सुनील कुमार, जेई निर्माण कपिल कुमार, चीफ योगेश कुमार, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल, राजस्व निरीक्षक पारूल यादव, अमरजीत, प्रियेश कुमार समेत वार्ड सभासद और अन्य पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# घरौनी से जमीनों पर मिलेगा मालिकाना हक : सोमेन्द्र तोमर

## - प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारियों के साथ लाभार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

जानसठ, 09 अगस्त (बु.)। जानसठ तहसील में आयोजित गांव गरीब किसान का उत्थान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर नें कहा कि घरौनी के द्वारा अब गांव वालों को उनकी जमीनों पर मालिकाना हक मिल सकेगा। इससे लोगों के बीच पैदा भूमि विवाद भी खत्म हो जाएंगे। घरौनी मिलने पर ग्रामीण अपनी जमीनों पर ऋण आदि भी ले सकते हैं। वह शुक्रवार को जानसठ तहसील में आयोजित घरौनी वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत गांव की आबादी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को दी जाने वाली घरौनी में उसकी आवासीय संपत्ति का पूरा ब्योरा दर्ज होगा, जिससे कि संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर झगड़े-फसाद की गुंजाइश न रहे। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि ग्रामीणों को मिलने वाले ग्रामीण आवासीय



अभिलेख (घरौनी) में संपत्ति के स्वामी का जिला, तहसील, ब्लाक, थाना, ग्राम पंचायत का नाम दर्ज होगा। इसके साथ ही आवासीय भूखंड का क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) और उसकी सभी भुजाओं की संख्या और उनकी लंबाई भी खतौनी में दर्ज होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल नें कहा कि अब किसान की खेती के कागजों के साथ-साथ घर के कागजों का भी सरकारी रिकार्ड होगा। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग का विकास कर रही है। उन्होंने पात्रों को घरौनी का वितरण किया। तहसील परिसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र कुमार तोमर, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी द्वारा संयुक्त रुप से पात्रों को घरौनी, खतौनी, कृषक दुर्घटना बीमा, पट्टा आदि के प्रमाण पत्र वितरण किया गये।

## प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को प्रमाण-पत्रों का वितरण किया

मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बुस.)। प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर मुजफ्फरनगर स्थित तहसील जानसठ में गार्ड ऑफ ऑनर लेने के उपरांत स्वामित्व योजना के अंतर्गत आयोजित " विरासत / उत्तराधिकार, खतौनी, घरौनी वितरण कार्यक्रम में मंत्री अनिल कुमार के साथ सम्मिलित होकर



लाभार्थियों को प्रमाण-पत्रों का वितरण किया। साथ ही उपस्थित लोगों को अभियान से जुड़कर अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। इस दौरान साथ में माननीय जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिलाध्यक्ष (रालोद) संदीप मलिक, जिला पंचायत अध्यक्ष वीर पाल निर्वाल, डीएम अरविंद मल्लपा बंगारी, डॉ. पुरुषोत्तम, जिलाध्यक्ष (पिछड़ा मोर्चा) सुंदरपाल, मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, नरेंद्र प्रमुख, प्रभात तोमर, अभिषेक चौधरी, अर्चित मित्तल, रविकांत प्रधान, योगराज सिंह, प्रवेंद्र भड़ाना, बृजेश रस्तोगी, नवीन सैनी, त्रिभवन प्रधान, पंकज प्रधान, रामनिवास पाल सहित अन्य सम्मानितगण भी उपस्थित रहें।

# राशन डीलर से मांग रहे हैं जबरदस्ती रंगदारी

जानसठ, 09 अगस्त (बु.)। तहसील जानसठ क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा निवासी पीड़िता सोनिया पत्नी दीपक सैनी ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि वह गांव की गरीब असहाय महिला है। उसका पति दीपक बीमार रहता है। पीड़िता सोनिया के नाम से आवंटित सरकारी राशन डीलर की एजेंसी से गांव के लोगों को राशन वितरण करती है, जो की गांव के नाम (विकास सहायता समूह ) से संबंध है और सहायता समूह की अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के बैंक अकाउंट में सरकारी राशन की एजेंसी के नाम से धनराशि सरकार द्वारा आवंटित की जाती है, जिसमें एक लाख बीस हजार रुपये और राशन डीलर एजेंसी के नाम 40 हजार रुपए जमानत राशि भी इन दोनों महिलाओं के अकाउंट में है, जिसे इन दोनों महिलाओं ने जबरदस्ती रोक लिए हैं और दोनों महिला देने से मना कर रही हैं। अध्यक्ष मनीषा पत्नी अमित पुत्र रमेश चंद व कोषाध्यक्ष मोनिका पत्नी मनोज पुत्र रमेश चंद निवासी गांव खाईखेड़ा दोनों सगे भाइयों की पत्नियां देवरानी व जेठानी एक ही परिवार की सदस्य हैं।



ये दोनों महिला और इनके दोनों के पति आए दिन पीड़िता सोनिया से जबरदस्ती 50 हजार रुपये महीना की रंगदारी मांगते हैं। पीड़िता द्वारा मना करने पर आरोपी उच्च अधिकारियों से झूठी शिकायत करके पीड़िता के नाम से आवंटित राशन डीलर की एजेंसी निरस्त कराने की धमकी दे रहे हैं और एससी एक्ट व छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज कराकर गांव से उजाड़ कर पूरे परिवार की हत्या करने की धमकी दे रहे हैं। अब पीड़िता सोनिया को आरोपियों से दहशत बन गई है, जिससे वह दिमागी रूप से बीमार रहने लगी और गांव से पलायन करने पर मजबूर है। इस संबंध में डीएम मुजफ्फरनगर को प्रार्थना पत्र देकर एवं मुख्यमंत्री को प्रार्थना-पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान गांव के सरला देवी, विमला, रामकली, सुनीता, क्रांति देवी, सुबोध, अरुण कुमार, प्रवीण, आदेश कुमार, मनोज, अमरपाल, प्रकाश वीर, प्रमोद, जसवीर, बदलू आदि ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

# गांधी कॉलोनी मैजिक डांस एकेडमी डांस टीम की दिव्यांग डांसर श्रीलंका पहुंची

## -अंतरराष्ट्रीय डांस सिंगिंग कंपटीशन में भारत का नाम रोशन करेंगे
## -10 अगस्त को विदेशी धरती पर देश का तिरंगा लहरायेगी टीम

मुजफ्फर नगर, 09 अगस्त (बुस.)। गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका के सामने मेन रोड ऊपरी मंजिल पर स्थित मैजिक डांस एकेडमी संस्थापक डांस कोरियोग्राफर मोहन अरोरा प्रशिक्षित शायमक डाबर इंटरनेशनल डांस केंद्र मुंबई ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 साउथ एशियन गेम्स 2024 के लिए आयोजित कंपटीशन में कई देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत की ओर से मुजफ्फरनगर गांधी कॉलोनी मैजिक डांस एकेडमी टीम कोच मोहन अरोरा की नेतृत्व में टीम श्रीलंका के लिए पहुंच चुकी है, जो 10 अगस्त 2024 को



कंपटीशन में उतरेगी। डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन श्रीलंका की ओर से इंटरनेशनल अंतरराष्ट्रीय डांस कंपटीशन आयोजित किया जा रहा है। टीम कोच मोहन अरोरा, गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, रजत मेडल विजेता हंशिका सिंह, यश वत्स, आराध्या गुंडेव, विशा चौधरी, शिवानी देश वाल, डान्स कम्पटीशन में हिस्सा लेंगे। श्री राधा कृष्ण वेलफेयर ट्रस्ट रजिस्टर्ड दिव्यांगों को संस्था के सभी अधिकारियों पदाधिकारी सदस्यों ने भी शुभकामनाएं दी हैं। मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ के पिता रमेश साईं ने भी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। अरोरा अंडर गारमेंट्स कॉस्मेटिक भगत सिंह रोड मीना बाजार के संचालक राकेश अरोरा, मुनीश अरोरा व समस्त स्टाफ ने भी सफलता की शुभ कामनायें दी हैं। गाँधी कॉलोनी को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के चेयरमैन पवन छाबडा ने भी शुभकामनायें दी हैं।



## सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी में मनाया हरियाली तीज पर्व, किया वृक्षारोपण

मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बुस.)। नगर के बुढ़ाना रोड स्थित सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी में सावन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मेहंदी लगाओ और पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक यशवीर सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ समय-समय पर विद्यालय में आयोजित की जाती है, जिससे बच्चों के रचनात्मक विकास के साथ साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता हैं। साथ ही प्रबंधक निशा सिंह ने बच्चों को सावन माह के महत्व और सावन में छाई हरियाली से होने वाले लाभ की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमे इकॉफ्रेंडली बनना चाहिये। स्कूल के प्रधानाचार्य विकास मलिक ने बच्चों को वृक्षारोपण के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि अपने जीवन में एक पेड़, एक पौधा लगाकर इस हरियाली को बरकरार रखे। साथ ही स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने झूला झूलकर हरियाली तीज गीत गायन किया। सभी बच्चों ने हरियाली तीज का पर्व अच्छे से मनाया और उसकी महत्ता को समझा।

# काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बुस.)। काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगाठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के आयोजन के अन्तर्गत आज डीएवी कॉलेज के शीतल प्रसाद हॉल में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान से पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गरिमा जैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया व व्याख्यान को प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की। मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. सचिन कुमार ने काकोरी शहीदों को नमन करते हुए उनके बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने काकोरी एक्शन-डे के बारे में कुछ सारगर्भित बातें हाल में उपस्थित समस्त छात्र एवं छात्राओं को बताई। इस व्याख्यान में काकोरी एक्शन दिवस के महत्व और स्वतंत्रता के लिये



सेनानियों के बलिदानों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा सैनी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. राहुल शर्मा, प्रभारी स्ववित पोषित पाठ्यक्र, अमित शर्मा, पवन कुमार एवं मुकेश कुमार आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. धनदेवी मिश्रा, डॉ. रुही जावेद, डॉ. अर्चना सिंघल आदि एवं छात्र-छात्राये उपस्थित रहें।

## शाहपुर के सरकारी स्कूल में नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ पाठशाला का आयोजन

शाहपुर, 09 अगस्त (बु.)। कस्बे के प्राथमिक विद्यालय नंबर-1 में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी व ईओ दीपक कुमार के मार्गदर्शन में नगर पंचायतकर्मियों ने शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्वच्छ पाठशाला का आयोजन किया। स्वच्छ पाठशाला कार्यक्रम में नगर पंचायत कर्मियों ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए हुए बताया कि यदि हमारा घर, विद्यालय, मौहल्ला व कस्बा स्वच्छ होगा, तो हम पूरे मनोयोग से प्रसन्नतापूर्वक अपने कार्य कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता व स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हैं। स्वच्छता से हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव नहीं पड़ता और हम बीमारियों को दूर भगा सकते हैं। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाध्यापक रीतू ने भी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताते हुए स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पंचायतकर्मी नईम अहमद, ओम कुमार व राजीव कुमार आदि सहित विद्यालय का स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बाइक फिसलने से बाइक सवार घायल

जानसठ, 09 अगस्त (बु.)। जानसठ से मोरना मार्ग पर बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से बाइक फिसल गई, जिसमें बाइक चालक सहित दो महिलाएं व एक बच्चा घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया। शुक्रवार को खतौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी कुरैश निवासी 34 वर्षीय जयवीर पुत्र अमर सिंह अपनी पत्नी रीना और सोनिया पत्नी देवेंद्र व बच्चें के साथ बाइक द्वारा भोपा थाना क्षेत्र के गांव शुक्रतारी अपनी रिश्तेदारी में गए हुए थे। शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे यह लोग शुक्रतारी से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही यह लोग मोरना से जानसठ मार्ग पर तालड़ा नई बस्ती में मस्जिद के सामने पहुंचे, तो बाइक के सामने अचानक से कुत्ता आ गया, जिसकी वजह से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें जयवीर उसकी पत्नी रिया व सोनिया और बच्चा सावी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोगों ने घायल के स्वजन को सूचना दे दी है।



## भाविप की विवेक शाखा ने बांटी शिक्षण सामग्री

मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बुस.)। भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर विवेक शाखा द्वारा आज शुक्रवार को (भारत को जानो) कार्यक्रम के अंतर्गत "श्री कृष्ण जानकी सरस्वती शिशु मंदिर" गली नंबर 11 गांधी कॉलोनी में छात्र/ छात्राओं को पुस्तकें/स्टेशनरी एवं अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस कार्यक्रम के चेयरमैन परमिंदर कुमार रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से राम अवतार गोयल, परमिंदर कुमार चौधरी, अमित सिंघल, मनीष सिंघल, राजकुमार रहेजा, राजीव गर्ग, राजीव सिंघल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिका, छात्र छात्राओं का अभूतपूर्व सहयोग रहा। इस दौरान अध्यक्ष अमित सिंघल, सचिव मनीष सिंघल, कोषाध्यक्ष राजकुमार रहेजा, महिला संयोजिका निशा वर्मा आदि मौजूद रहे।

# व्यापार संगठन ने आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बुस.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के कैंप कार्यालय पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं सूबे के स्वतंत्र प्रभार मंत्री (आबकारी व मद्य विभाग) उप्र सरकार नितिन अग्रवाल का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी, अध्यक्ष सर्राफा एसो. पवन वर्मा, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल, अध्यक्ष एसडी मार्केट दुर्गा मंदिर विक्की अरोरा, नगर युवा अध्यक्ष मयंक गोयल, जिला युवा उपाध्यक्ष भूपेंद्र गोयल द्वारा केक एवं मिष्ठान वितरित करते हुए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं की गई। नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी व पवन वर्मा ने कहा कि प्रदेश भर के व्यापारियों की किसी भी समस्या के लिए हमेशा अग्रसर रहने वाले आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल के जन्मदिवस पर समस्त पदाधिकारियों द्वारा उनकी दीघार्यु की कामना की। जन्मदिवस समारोह में संगठन के नगर उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंघल, सुशील सिंघल, पंकज जैन, अनिल सिंघल, मुकेश सिंघल, अभिलक्ष मित्तल, सुनील वर्मा, राकेश जैन, राहुल गोयल,



कार्तिक गोयल सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों के बीच जनसेवाओं द्वारा सरकार की विभिन्न जानकारी दी गई

मुजफ्फरनगर, 09 अगस्त (बुस.)। आज स्थानीय जानसठ रोड स्थित आशादीप मंदबुद्धि विद्यालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला आचार्यकुल के पदाधिकारी द्वारा पहुंचकर विद्यालय परिसर में पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज रितेश सचदेवा द्वारा दो फलदार पौधे रोपित किए गए। उसके उपरांत विद्यालय परिसर में शिक्षा पा रहे दिव्यांग बालक बालिकाओं तथा शिक्षक शिक्षिकाओं और प्रबंध समिति के पदाधिकारी के बीच देश के न्याय विभाग राज्य सरकार केंद्र सरकार तथा अन्य सरकारी संस्थाओं द्वारा दिव्यांगों के हित में किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी गई। इसके उपरांत जिला अध्यक्ष सेवा प्राधिकरण वन स्टाफ सेंटर एवं आचार्य कुल के संयुक्त सौजन्य से शिक्षा प्राप्त कर रहे बालक-बालिकाओं में खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर



अपने वक्तव्य में प्रमुख गांधी विचारक होती लाल शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष आचार्य कुल, अपर जिला न्यायाधीश रितेश सचदेवा, इंजी. राजेंद्र साहनी तथा संस्थान के अध्यक्ष इंजी. लोकेश चंद्र, उपसचिव एनके गुप्ता, आचार्यकुल के उप सचिव प्रोफेसर सतीश मित्तल एवं अशोक कुमार गुप्ता तथा पूनम मार्शल और डॉ. विनीता जैन ने नए बालक बालिकाओं को विभिन्न प्रकार की जानकारी हासिल कराई। इस कार्यक्रम में गौरव मलिक पीएलवी, धनीराम पीएलवी, रेणुका जैमिनी, रीना चौधरी, रामवीर सिंह, शर्मिष्ठा, जीवनी देवी, शारदा, मीना, शिवा, पूजा नरूला, प्रबंधक वन स्टाफ सेंटर सृष्टि चौधरी, ग्रामीण समाज विकास केंद्र की काउंसलर द्वारा सहभागिता की गई। इस कार्यक्रम में संदीप दास एडवोकेट ने पर्यावरण के संदर्भ में जनजाति लाने के लिए उपस्थित जन को उत्साह वर्धन करते हुए विभिन्न प्रकार की पर्यावरण संबंधी जानकारी भी दी गई।

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2023 में आपके विद्यालय से कक्षा 12 की संस्थागत परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिसकी मैंने प्रथम टी0सी0 प्राप्त कर ली थी, परन्तु उक्त टी0सी0 वास्तव में कहीं पर गुम हो गयी है और काफी तलाश करने पर भी नहीं मिली है। यदि मिल गयी तो मैं उसे आपके कार्यालय में जमा करा दूंगी उसका दुरूपयोग नहीं करूंगी।

कशिश वर्मा
पुत्री श्री पंकज वर्मा
निवासी- 14 डी, रामपुरम,
मुजफ्फरनगर

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मौ0 फिरोज (MOHD FIROZ) से बदलकर फिरोज अहमद (FIROZ AHMAD) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे फिरोज अहमद के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

फिरोज अहमद
पुत्र जाहिद अहमद
569-गली नं.-12 मल्हूपुरा
मुजफ्फरनगर


## रस्म पगड़ी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है की पूज्य पिताजी
**श्री सतेंद्र स्वरुप जी**
दिनांक 1 अगस्त 2024, बृहस्पतिवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु के चरणों में विलीन हो गए हैं।

रस्म पगड़ी दिनांक 11 अगस्त 2024, दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम

ब्रह्मभोज 12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी 2:00 बजे दोपहर

स्थान :- होटल रेडियंट इन, भोपा रोड
ग्रेंड प्लाज़ा मॉल के सामने, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-
चेतन स्वरूप-उमा स्वरूप (पुत्र-पुत्रवधु), नारायण स्वरूप-शालिनी स्वरूप (पुत्र-पुत्रवधु)
तरु बंसल-रमेश बंसल (पुत्री-दामाद), गौरी गोयल-राजीव गोयल (पुत्री-दामाद)
रिशिता, इशिता, मुस्कान (पोत्री), कार्तिक, पृथ्वी (पोत्र)
युग-आकांक्षा (धेवता-धेवताबहू), राघव-निधि (धेवता-धेवताबहू), रोहित-रेवती (धेवता-धेवताबहू), राधिका (धेवती)

-: निवास स्थान :-
293/A, आनन्द भवन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
M: 9758699338, 9958993252

## शोक संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।



अत्यन्त दुखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी
**श्रीमती शकुंतला देवी** का बैकुंठ धाम प्रस्थान
दिनांक 1 अगस्त 2024, दिन गुरूवार को हो गया है,
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म तेहरवीं दिनांक 11 अगस्त 2024, दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है।

— कार्यक्रम —
हवन........................................ 9.00 बजे प्रातः
ब्रह्मभोज ....................................11:00 बजे प्रातः
रस्म तेरहवीं.................................. 2:00 बजे दोपहर

स्थानः सनातन धर्म सभा भवन (निकट झांसी की रानी), मुजफ्फरनगर

— शोकाकुल परिवार —
कुबेरचन्द अग्रवाल (पति), श्रीमति अनिता अग्रवाल (देवरानी), श्रीप्रकाश अग्रवाल-ऊषा अग्रवाल (देवर-देवरानी)
नीरज अग्रवाल-वंदना अग्रवाल (मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज), मनोज अग्रवाल -पूनम अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधु)
पंकज अग्रवाल-मीनू अग्रवाल, अम्बुज अग्रवाल-पूजा अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधु), अनुज अग्रवाल (पुत्र)
भूमेश अग्रवाल, गर्वित अग्रवाल (भतीजे)
अंजु जैन-विजय जैन (पुत्री-दामाद), निधी-डा0 निष्काम, संगीता-एड0 विदुर (भतीजी-दामाद)
आयुषी-आकाश (भतीजी-दामाद), नैन्सी (भतीजी)
आर्कि0 मंयक अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, शौर्य अग्रवाल, यश अग्रवाल, मुकुन्द अग्रवाल, युवराज अग्रवाल(पौत्र)
वंशिका अग्रवाल (पौत्री), सुहानी जैन, वसुंधरा जैन (धेवती) एवं समस्त अग्रवाल परिवार।

प्रतिष्ठानः- शक्ति प्रोविजन स्टोर, मुजफ्फरनगर
दि डिजाईन आकृति स्टूडियो, नोएडा

निवासः- 72, गंगाराम पुरा, मुजफ्फरनगर

सम्पर्क सूत्रः- 9997010815,9837090815,9528659119, 9997924226

